# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (02.04.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 02.04.2025, PAGE-06

# प्रो. सरोज व प्रो. संगीता ने दिया योगदान

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में दर्शनशास्त्र विभाग के नये अध्यक्ष के तौर पर प्रो. सरोज कुमार वर्मा ने मंगलवार को योगदान दिया। इस मौके पर प्रो. राजेश्वर सिंह, डॉ. पयोली, प्रो. लक्ष्मी साह, प्रो. एचएन पांडेय आदि मौजूद रहे।

प्रो. लक्ष्मी साह का कार्यकाल पूरा होने के बाद विवि प्रशासन ने प्रो. सरोज कुमार वर्मा को विभाग का नया अध्यक्ष बनाया है। उधर, होम साइंस विभाग में भी नई अध्यक्ष प्रो. संगीता रानी ने योगदान दिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 02.04.2025, PAGE-04**

## दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर में पांच अप्रैल से होगा नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : प्रदेश के सरकारी से लेकर प्राइवेट पालीटेक्निक कालेजों में दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होगी। पांच अप्रैल से सभी कालेजों में नए सेमेस्टर में गए छात्र-छात्राओं का नि:शुल्क नामांकन होगा। कंपार्टमेंटल, सप्लीमेंटरी के पुर्नमूल्यांकन में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नामांकन नए सेमेस्टर में होगा। संस्थान के सभी मेंटर शिक्षक छात्र-छात्राओं के दस्तावेज की जांच करेंगे। इसके बाद संबंधित ब्रांच के विभागाध्यक्ष से इसे अप्रूव कराते हुए डाक्युमेंट जमा कराएंगे। सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी किया गया है कि वे अपने स्तर से छात्र-छात्राओं की इसकी सूचना दें। वहीं, कालेजों के नोटिस बोर्ड पर इसे चिपकाना जरूरी है। नामांकन के बाद आने वाले दिनों में परीक्षाएं होंगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 02.04.2025, PAGE-04**

# आज मिलेगा एडमिट कार्ड, कल से परीक्षा होगी शुरू

**स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होंगे करीब 1.10 लाख विद्यार्थी, छुट्टियों के बाद खुले कालेज में पहुंचेंगे छात्र**

जागरण संवाददता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए बुधवार को छात्र-छात्राओं को एडमिट कार्ड मिलेगा। छुट्टियों के बाद खुले कालेज में विद्यार्थी एडमिट कार्ड लेने पहुंचेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार की रात एडमिट कार्ड जारी किया गया था, लेकिन तीन दिन छुट्टी होने से अब तक यह छात्र-छात्राओं को नहीं मिल सका है। कई कालेजों ने अपने लागइन आइडी से एडमिट कार्ड का प्रिंट करा लिया है। प्राचार्य के हस्ताक्षर व मुहर के साथ अब उन्हें हस्तगत कराया जाएगा। आननफानन में जारी होने वाले एडमिट कार्ड में अगर त्रुटि रह जाती है तो इसमें सुधार कराने में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में संभव है कि त्रुटिपूर्ण एडमिट कार्ड के साथ ही बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। दूसरी ओर अधिकतर कालेजों ने अब तक एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किया है। इसका कारण यह है कि सोमवार तक कालेजों में परीक्षा फार्म भरा गया है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय का दावा है कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार से 46 से अधिक केंद्रों पर परीक्षा होनी है। परीक्षा में करीब 1.10 लाख विद्यार्थियों को शामिल होने की संभावना है।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:02.04.2025, PAGE-04

## आज मिलेगा एडमिट कार्ड, कल से स्नातक थर्ड सेमेस्टर के पेपर



**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए बुधवार को छात्र-छात्राएं एडमिट कार्ड लेने आयेंगे. कई कॉलेजों ने अपने लॉग इन आइडी से एडमिट कार्ड का प्रिंट करा लिया है. प्राचार्य के हस्ताक्षर व मुहर के साथ अब उन्हें हस्तगत कराया जायेगा.

आनन-फानन में जारी होने वाले एडमिट कार्ड में अगर त्रुटि रह जाती है, तो इसमें सुधार कराने में विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. ऐसे में संभव है कि त्रुटिपूर्ण एडमिट कार्ड के साथ ही बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे.

दूसरी ओर अधिकांश कॉलेजों ने अब तक एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किया है. इसका कारण यह है कि सोमवार तक कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरा गया है. दूसरी ओर विवि का दावा है कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारी हो गयी है. गुरुवार से 46 से अधिक केंद्रों पर परीक्षा होनी है. परीक्षा में करीब 1.10 लाख विद्यार्थियों को शामिल होने की संभावना है. बता दें कि विवि की ओर से शनिवार रात एडमिट कार्ड जारी किया गया था, लेकिन तीन दिन छुट्टी होने से अब तक यह छात्र-छात्राओं को नहीं मिल सका है.

# स्नातक की अगली परीक्षा के लिए क्षमता के आधार पर ही होगा परीक्षार्थियों का आवंटन

- तीन अप्रैल से स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में कई केंद्रों पर क्षमता से अधिक परीक्षार्थी आवंटित

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

तीन अप्रैल से स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हो रही है, जिसके लिए कई केंद्रों पर क्षमता से अधिक परीक्षार्थी आवंटित किये गये हैं.

केंद्राधीक्षकों ने इसकी जानकारी परीक्षा विभाग को दी है. ऐसे में अब बीआरएबीयू की ओर से स्नातक की अगली परीक्षा के लिए केंद्र बनाने से पहले कॉलेजों का फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जायेगा. जिस कॉलेज की जितनी क्षमता होगी, उसी के आधार पर परीक्षार्थी आवंटित किये जायेंगे. इसमें कॉलेज के भवन व इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं को देखा जायेगा. अभी विवि में पुराने रिकॉर्ड के अनुसार ही केंद्र बनाये जाते हैं.

## पिछले दो साल में करीब डेढ़ लाख एडमिशन

स्नातक मे परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने के बाद कई कॉलेजों मे क्षमता से अधिक परीक्षार्थी आवंटित किए जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है. चार वर्षीय कोर्स मे पिछले दो साल करीब डेढ़ लाख एडमिशन हुआ है. परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के बाद केंद्रों की संख्या भी बढ़ा दी गयी है. बताया जा रहा है कि विवि की ओर से कभी कॉलेजों की क्षमता का आकलन नहीं किया गया. जब केंद्रों पर क्षमता से अधिक परीक्षार्थी आवंटित कर दिए जाते हैं, तो किसी तरह से परीक्षा का संचालन होता है. दरअसल, परीक्षा के एक-दो दिन पहले तक परीक्षा फॉर्म भरवाया जाता है. ऐसे मे विवि के अधिकारी भी अंतिम समय पर तय नहीं कर पाते कि कुल कितने परीक्षार्थी होंगे. अंतिम समय मे जिनका फॉर्म भरा जाता है, उन्हे कॉलेज के आधार पर ही एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाता है. फिर जैसे-तैसे परीक्षा भी हो जाती है.

परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल ने बताया कि कुछ केंद्राधीक्षकों ने अधिक परीक्षार्थी आवंटित होने की शिकायत की है. अभी समय कम है. ऐसे में परीक्षा में सहयोग का अनुरोध किया गया है. वहीं, अगली परीक्षा कराने से पहले वे कॉलेजों का फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के बाद केंद्र निर्धारण करेंगे.